बरेली, सोमवार
13 अप्रैल, 2026
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 14+4=18

दैनिक जागरण inext

PAGE NO : 06 BOTTOM

MDCA बना क्रिकेट टूर्नामेंट का चैंपियन

श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स का शानदार समापन

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (12 April): मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (एमडीसीए) ने आईके नेक्स्ट जनरेशन को 6 विकेट से पराजित कर श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स का विनर बनने का गौरव हासिल किया. संडे नाइट हुए फाइनल मैच में आईके नेक्स्ट जनरेशन की ओर से मिले 155 रनों के लक्ष्य को एमसीडीए ने 15.4 ओवर में सिर्फ 4 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया. फाइनल मैच में 35 गेंदों पर 7 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 61 रन बनाने वाले एमडीसीए के बल्लेबाज ऋतुराज शर्मा को मैन आफ द मैच चुना गया. टूर्नामेंट में 233.11 की स्ट्राइक रेट से चार अर्धशतकों के साथ 345 रन बनाने वाले ऋतुराज शर्मा को ही टूर्नामेंट का बेस्ट प्लेयर घोषित किया गया. टूर्नामेंट के पांच मैच में 10 विकेट लेने वाले एमडीसीए के गेंदबाज अंकुर शर्मा बेस्ट बालर आफ द टूर्नामेंट और टूर्नामेंट की पांच इनिंग में एक शतक और एक अर्धशतक के साथ 271 रन बनाने वाले एमडीसीए के हर्ष त्यागी को बेस्ट बैट्समैन आफ द टूर्नामेंट बने. टूर्नामेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी बरेली अविनाश सिंह, विशिष्ट अतिथि पीएनबी के सर्किल हेड रंजीत चौधरी, ब्रांच मैनेजर अंकित भारद्वाज, एलआईसी के मैनेजर पीसी बिष्ट, ब्रांच मैनेजर मनोज कुमार, मैनेजर कौशल ज्योति, स्वास्तिक मार्वल के निखिल अग्रवाल, एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक एवं चैयरमैन देव मूर्ति, सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति, ट्रस्ट सलाहकार सुभाष मेहरा, डा.प्रभाकर गुप्ता ने विजेता टीम एमडीसीए को 2 लाख रुपये के साथ चैंपियन ट्राफी प्रदान की.

इनकी रही मौजूदगी

इस अवसर पर इस अवसर पर विनय खंडेलवाल, राजेश गुप्ता, दीपेंद्र कमथान, एसआरएमएस सीईटी के प्रिंसिपल डा.प्रभाकर गुप्ता, डा.शैलेश सक्सेना, एसआरएमएस मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डा.एमएस बुटोला, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डा.आरपी सिंह, डा.जसप्रीत कौर, श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन सिक्स आयोजन समिति के सचिव डा.नितिन सक्सेना, मनीष सिंह, रविंद्र सिंह, शंकर पाल, अनुज शर्मा, युसुफ अंसारी सहित टूर्नामेंट आर्गनाइजिंग कमेटी के सदस्य मौजूद रहे. पुरस्कार वितरण समारोह का संचालन डा.आशीष सक्सेना ने किया. समारोह की सभी ने सराहना की.